तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



16 साहू समाज की कमान चंद्रहास साहू को नवचयनित पदाधिकारियों ..





15 नगर में सीताफल की बंपर आवक, ग्रामीणों ...




## खबर संक्षेप

### विश्वकर्मा जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**लाटाबोड़।** बाबा विश्वकर्मा जयंती आज बुधवार को बाजार चौक भोइनापार में समस्त ट्रैक्टर संघ एवं ग्रामवासी के तत्वावधान में रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी लोक रिकार्डिंग सांस्कृतिक संस्था नवा बिहान ग्राम बरारमुंडी अम्बागढ़ चौकी जिला राजनांदगांव का कार्यक्रम रखा गया हैं। समिति के सदस्य तामेश्वर साहू उपसरपंच ने कहा कि ग्रामीण और नगरवासी इस कार्यक्रम का लुफ्त उठाये।

### छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**बालोद।** ग्राम सनौद नागालिग छात्र ने घर के कमरे मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग छात्र अपने मकान मे बने दूसरे मंजिल के कमरे मे पढ़ाई कर रही थी, जब उनकी मां उन्हे खाना खाने के लिए बुलाने उपर गई तो उन्होने देखा की नाबालिग छात्र मकान के कमरे मे निकले लोहे के एंगल मे प्लास्टिक रस्सी से फांली लगा ली है, जिसके बाद उनकी मां ने इसकी जानकारी परिजनो के साथ आस पास के लोगो के साथ पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस के पहुंचने के बाद शव को फंदे से निकाला गया। जहां शव का पंचनाम करने के बाद शव का पीएम के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया। वही नाबालिग छात्र ने आत्महत्या जैसा कदम अचानक क्यो उठाया इसकी जांच मे पुलिस जुटी हुई है।

### शासकीय संस्थाओं में आज ली जायेगी स्वच्छता की शपथ

**बालोद।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के पहले दिन बुधवार 17 सिंतबर को सुबह 11 बजे जिले के सभी शासकीय संस्थाओं में स्वच्छता शपथ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय के अलावा जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, जनपद पंचायत कार्यालय सहित जिले के सभी शिक्षण संस्थानों, छात्रवास, आश्रमों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, उपास्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारी–कर्मचारियों को स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए अपने–अपने घरों और कार्य स्थलों में साफ–सफाई के कार्य में अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु शपथ दिलाई जाएगी। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार 17 सितंबर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में महात्मा गांधीजी के प्रतिमा के समक्ष कार्यालय के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को शपथ दिलाई जाएगी।

### लेन-देन को लेकर दुकानदर से गाली-गलौज व मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** पुराने पैसे के लेन देन के संबंध मे ग्राहक ने दुकानदार से मारपीट कर दिया, जिसके बाद दुकानदार द्वारा गाली गलौज व मारपीट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम देवरी क निवासी अजित कुमार क्षत्रिय ने पुलिस को बताया कि दुकानदारी का काम करता हूं। 13 सितंबर के रात्रि 09 बजे गांव के घनश्याम ऊर्फ घनशु राजगढिया मेरे दुकान में आकर पुरानी पैसे की लेन देन की बात लेकर तुम्हारे पैसे को नहीं दूंगा जो उखाडना है उखाड लो, कहकर गाली गलौच कर धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया व बीच बचाव करने आई तो मेरी पत्नी भावना क्षत्रिय, मां सुमीत्र बाई को भी धक्का मुक्की किया है। मारपीट करने से मेरे पीठ के दाहिने भाग में, गले के दाहिने भाग व दाहिने हाथ में चोंट लगा है व मेरी मां के बांये हाथ में अंदरूनी चोंट लगकर दर्द होना कहती है।

### बाइक चोरी करने वाला पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि शंकर नगर छावनी निवासी आकाश वर्मा की बाइक सीजी 07 ए.एफ. 4493 को जामुल बोगदा एससीसी सीमेंट गेट के पास से गायब कर दिया।

# सब जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 16 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तीन दिवसीय सब जूनियर बालक एवं बालिका वेटलिफ्टिंग चौंपियनशिप का आयोजन बालोद शहर के टाउन हॉल में 12 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित किया गया।

जिसमें छत्तीसगढ़ की लगभग 20 जिलों से लगभग 200 खिलाड़ी एवं कोच मैनेजर एवं ऑफिशल शामिल हुए, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ में लिफ्टिंग के अध्यक्ष एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल उपस्थित हुए साथ ही बालोद के नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद कमलेश

## वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में 200 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



### बालक वर्ग को मिला बेस्ट वेटलिफ्टर का खिताब

इस प्रतियोगिता में 8 बालक एवं 8 बालिका कुल 16 खिलाड़ियों का चयन फरीदाबाद के मोदीनगर में होने वाले राष्ट्रीय वेट लिफ्टिंग चौंपियनशिप के लिए चयन किया गया है। इस प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में राजनांदगांव जिला की टीम 799 अंक लेकर विजेता रही वही 783 बना कर रायपुर जिला की टीम उप विजेता रही। वहीं बालक वर्ग में खेलो इंडिया सेंटर रायपुर की टीम 1657 अंक लेकर विजेता रहे रही वहीं पर 1292 अंक लेकर रेलवे की टीम उप विजेता रही। इस प्रतियोगिता में बेस्ट वेटलिफ्टर का खिताब बालक वर्ग में दिया गया और बालिका वर्ग में दिया गया।

सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश कबड्डी संघ अध्यक्ष शशि बघेल, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, जिला मंत्री सुरेंद्र देशमुख, वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद श्यामा यादव के कसाथ बालोद के गण मान्य नागरिक उपस्थित हुए।

इस प्रतियोगिता में आम आदमी पाटएँ के छाया विधायक जसवंत सिंह, श्रीमान गणेश प्रसाद अग्रवाल, श्रीमान हर्षद पटेल, कोमल सिंह धुरव, कमलेश गौतम, राजेश ताराम, सनी खान, अभिनव पुरवर और अन्य साथियों ने अपना कीमती समय देखकर बच्चों को उत्साहित करते हुए अपना आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर पूर्व विधायक प्रीतम ▶▶| शेष पेज 14 पर

## तैयारी : समन्वय बनाकर योजनाबद्ध तरीके से सफल होगा आयोजन

# सेवा पखवाड़ा का आज से, होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' का आयोजन वृहद स्तर पर किया जाएगा। इस दौरान जिले भर में स्वच्छता, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता और सेवा कार्यों से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर योजनाबद्ध तरीके से इन आयोजनों को सफल बनाएं। कलेक्टर ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आम नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु स्वच्छता शपथ, स्वस्थ जीवन और नशामुक्ति का संदेश देने नमो मैराथन, कचरे से उपयोगी वस्तुएं बनाने की पहल हेतु जीरो वेस्ट इवेंट व वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी, स्वच्छता के लिए जनसहभागिता हेतु सामूहिक श्रमदान, रंगोली, निबंध, कविता, चित्रकला, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधारोपण अभियान, रक्तदान शिविर एवं मेगा हेल्थ कैंप, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर व मेडिकल बोर्ड कैंप, वृद्धजन सम्मान समारोह, स्वच्छ भारत दिवस पर व्यापक स्तर पर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में स्वच्छता, सेवा और जिम्मेदारी की भावना को गहराई से जोड़ने का अभियान है। सभी विभाग और आमजनों की सहभागिता से इसे सफल बनाएं। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और सभी से आग्रह किया गया कि वे अपने–अपने स्तर पर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि 17 सितम्बर को सभी कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों और उप–स्वास्थ्य केंद्रों, हास्टल, आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुबह 11 बजे स्वच्छता शपथ दिलाई जाएगी। इस दिन से पूरे जिले में स्वच्छता महाअभियान की शुरुआत होगी।

21 सितम्बर को जिला स्तरीय नमो मैराथन आयोजित की जाएगी, जिसमें जनप्रतिनिधि, विभिन विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र–छात्राएं, कॉलेज विद्याथएँ, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट–गाइड शामिल होंगे। इसका उद्देश्य नशामुक्त भारत और स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। 23 से 25 सितम्बर तक जीरो वेस्ट इवेंट, बेस्ट टू आर्ट, रंगोली, निबंध, कविता और चित्रकला प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें विशेष रूप से स्कूल–कॉलेजों के विद्याथी भाग लेंगे। इसी दौरान जिले के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, हॉस्पिटल व पंचायत भवन के परिसरों में वृक्षारोपण भी किया जाएगा। 25 सितम्बर को सुबह 8 से 9 बजे तक सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमदान एक दिन एक घंटा एक साथ अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान चलेगा।



### 28 को जिले में रक्तदान शिविर और मेगा हेल्थ कैंप

इस दौरान स्कूल–कार्यालय परिसर, स्वच्छता लक्षित इकाई, पेयजल स्त्रेत, सामुद्वायिक स्थल, मंदिर, नदी और तालाबों के आसपास की साफ–सफाई होगी। 28 सितम्बर को जिले में रक्तदान शिविर, मेगा हेल्थ कैंप, नेत्र शिविर, मेडिकल बोर्ड शिविर और सफाई मित्र शिविर का आयोजन होगा। इस दिन विशेष रूप से सफाई मित्रें की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा। 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाएगा। इस दिन वृद्धजनों का सम्मान किया जाएगा और स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति विशेष कार्यक्रम होंगे। 2 अक्टूबर को जिले में स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन विशेष ग्राम सभा, स्वच्छ जल ग्राम घोषणा, हर घर जल प्रमाण पत्र वितरण सहित जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से एक–एक स्वच्छ स्कूल, स्वच्छ आंगनबाड़ी, स्वच्छ हॉस्टल, स्वच्छ ग्राम पंचायत, स्वच्छ कार्यालय का चयन होगा। इसी दिन प्रत्येक विकासखण्ड से आयोजित रंगोली, चित्रकला, निबंध आदि प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# सामाजिक मिटिंग में उपसरपंच व ग्रामीणों के बीच विवाद दोनों पक्षों ने दर्ज कराई रिपार्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- तमोरा में सामाजिक बैठक बनी अखाड़ा

सामाजिक बैठक के दौरान दो पक्षो मे विवाद इतना बढ़ कि गाली गलौज व मारपीट की नौबत आ गई, जिसके बाद दोनो ही पक्षो ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस थाने मे रिपोर्ट दर्ज करवाया है। जिस पर पुलिस द्वारा अलग अलग धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

ग्राम तमोरा थाना रनचिरई निवासी भूषण लाल मधुकर पिता नन्हे दास मधुकर 45 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 14 सितंबर के रात करीबन 08 बजे गांव मे सामाजिक मीटिंग चल रहा था, सामाजिक मीटिंग के दौरान गांव का संदीप गोयल अपने मोबाईल से विडियो बना रहा था, जिसे गांव के उप सरपंच सरयु प्रसाद कौशल विडियो बनाने से मना किया, तो तुम लोग मेरा क्या कर लोगे मै 04 साल पहले जेल काटकर आया हूं, कहकर समाज में ही गाली गलौज करने लगा, तब मै संदीप गोयल को मना किया तो संदीप गोयल मुझे भी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, तभी उसका पिता शंकर लाल गोयल डण्डा लेकर आया और मुझे डण्डा से मारपीट करने लगा, मारपीट से मेरे बांये हाथ के कलाई तथा दोनो कंधा मे चोट आकर दर्द हो रहा है। पुलिस ने उक्त मामले मे गाली गलौज करने वाले दोनो व्यक्तियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है जिस पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम तमोरा थाना रनचिरई निवासी संदीप कुमार गोयल पिता शंकर लाल गोयल 35 वर्ष ने पुलिस को बताया कि लहसून प्याज बेचने का काम करता हूं। 14 सितंबर को रात करीबन 08 बजे ग्राम तमोरा में सामाजिक मीटिंग चल रहा था, जिसका मै विडियो बना रहा था, तभी गांव का उप सरपंच सरयु प्रसाद बोला कि 376 वाला लडका विडियो बना रहा है इसे मारो, तभी भूषण मधुकर एवं उसका लडका खोमेश मधुकर पुरानी बात को लेकर मुझे गाली गलौज देकर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किये तथा भूषण मधुकर डण्डा से मेरे सिर मे मारने से चोट आकर खून निकला है, मारपीट करते समय मेरे पिताजी शंकर लाल गोयल बीच बचाव करने आये तो उसे भी मारपीट किये है, मारपीट करने से मेरे ▶▶| शेष पेज 14 पर

# स्वच्छता अभियान के साथ पीएम मोदी का जन्मदिवस मनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांवआर

भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिवस 17 सितम्बर को कौही मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल की उपस्थिति में मनाया जाएगा।

- सांसद विजय बघेल करेंगे 12 लाख के कला मंच व साहू भवन का भूमिपूजन

मंडल महामंत्री निर्मल जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर सांसद विजय बघेल 12 लाख की लागत से कला मंच व साहू भवन का भूमिपूजन करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी सर्वत्र 17 से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित कर विविध कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर चुकी है।



भाजपा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने बताया कि 17 सितम्बर 2025 प्रातः 7 बजे कौही मंदिर मां काली शिव मंदिर प्रांगण से स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें मंडल के पदाधिकारी सदस्य मंदिर प्रांगण का साफ सफाई कर करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लंबी आयु स्वस्थ जीवन की कामना पूजा अर्चना कर करेंगे। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम जिनेश जैन, लुभम बंछोर, गायत्री यादव के संयोजन में संपन्न होगी। **कला मंच साहू सदन का भूमिपूजन करेंगे सांसद विजय बघेलः** प्रातः 10 बजे मंदिर प्रांगण में 12 लाख की लागत से बनने वाले कला मंच एवं साहू भवन का भूमिपूजन क्षेत्र ▶▶| शेष पेज 14 पर

# भारतीय किसान संघ की बैठक में हुए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

भारतीय किसान संघ जिला बालोद का मासिक बैठक गंगा मैया परीसर झलमला में संपन्न हुआ। बैठक कि शुरुआत भगवान बलराम जी कि पुजा अर्चना कर किया गया।

- मासिक बैठक में बिजली कटौती, धान खरीदी व गन्ना मूल्य पर हुई चर्चा
- नौ सूत्रीय मांगों को लेकर 18 सितंबर को ज्ञापन सौंपेंगे किसान



बैठक में किसानों कि विभिन्न समस्या के बारे में चर्चा हुई और निर्णय लिया गया कि 18 सितंबर को सभी तहसीलों में ज्ञापन सौपना है, जिसके लिए किसानों को अधिक संख्या अपनी तहसील में उपस्थित होने के लिए निवेदन किया गया है।

बैठक में ज्ञापन सौंपने के लिए नौ बिन्दूओ पर चर्चा बनी, जिसमे बिजली कटौती बंद किया जाए एवं घरेलू बिजली बिल को पूर्व कि भांति यथावत रखा जाए, अनिश्चित बिजली कटौती से किसान बहुत ज्यादा परेशान है इसलिए बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाया जाए, गन्ना का समर्थन मूल्य के अलावा 200 रुपए प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि दिया जाए, गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ना कटाई और परिवहन के लिए खनिज न्यास का पैसा दिया जाए।

धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू किया जाए, समितियों द्वारा धान 20.80 क्विंटल की जगह 21 क्विंटल लिया जाए,. सभी सहकारी समितियों में धान खरीदी करते समय 40 किलो 700 ग्राम धान ही बारदाने सहित लिया जाए, गौ पालको को प्रति जानवर 1500 रुपए प्रति वर्ष दिया जाए, गिरते हुए भुजल स्तर को देखते हुए ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसलों को प्रोत्साहित किया जाए, एग्री स्टेक पोर्टल को तत्काल सुधार किया जाए ताकि किसानों का पंजीयन सुगमता से हो सके, अभी बहुत सारे किसानों का पंजीयन नहीं हो रहा है, किसी गांव का नाम पोर्टल मे नहीं दिखा रहा है इसलिए इसे तत्काल सुधार किया जाए। बैठक में भारतीय किसान संघ जिला बालोद अध्यक्ष सांवत राम साहू, भोथीपार मंत्री चाणक्य यादव, गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला अध्यक्ष डॉ तेज राम साहू, जिला संरक्षक छगन देशमुख, भारतीय किसान संघ ▶▶| शेष पेज 14 पर

## चार सूत्रीय मांगों को लेकर दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडरों ने किया आंदोलन

# हड़ताल से तहसील में ठप रहा रजिस्ट्री कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता जनकल्याण संघ परिवार के आह्वान पर 16 सितंबर को प्रदेशभर में एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की गई। संघ ने हड़ताल के माध्यम से शासन–प्रशासन को अपनी चार सूत्रीय मांगों से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है। तहसील दस्तावेज लेखक संघ बालोद के पदाधिकारियों ने बताया कि बिलासपुर के दस्तावेज लेखक महेंद्र सिंह ठाकुर की पुलिस द्वारा बिना जांच के की गई गिरफ्तारी का संघ कड़ा विरोध करता है। उनकी तत्काल रिहाई और घटना की निष्पक्ष जांच की जाए। इसके साथ ही दस्तावेज लेखकों की वर्षों पुरानी मानदेय वृद्धि तथा स्टाम्प वेंडरों की कमीशन बढ़ाने की भी मांग की गई। चार सूत्रीय मांगो को लेकर 16 सितंबर को प्रदेशव्यापी एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर प्रदेश के सभी जगहों के दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडर हड़ताल पर रहे। इसी परिपेक्ष में तहसील दस्तावेज लेखक संघ बालोद कलम बंद सांकेतिक हड़ताल पर हैं। संघ ने कहा छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता जनकल्याण संघ परिवार की एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का असर मंगलवार को जिलेभर में देखने को मिला। हड़ताल के कारण जमीन की खरीदी–बिक्री संबंधी रजिस्ट्री कार्य पूरी तरह ठप रहे। साथ ही तहसील कार्यालय में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, शपथ पत्र तथा विभिन्न प्रकार के आवेदन प्रस्तुत करने वाले आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही तहसील कार्यालय पहुंचे लोग निराश होकर वापस लौटे। नागरिकों ने बताया कि आवश्यक दस्तावेज़ तैयार न होने से बच्चों की पढ़ाई, शासकीय योजनाओं का लाभ लेने और अन्य जरूरी काम प्रभावित हुए।

- दस्तावेज लेखकों की गिरफ्तारी का विरोध, संघ ने की निष्पक्ष जांच व रिहाई की मांग



अचानक हुई इस हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रें से आए लोगों को सबसे अधिक परेशानी हुई। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि उनकी मांगों पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है, इसलिए मजबूरन सांकेतिक हड़ताल करनी पड़ी है। इस अवसर पर दस्तावेज लेखक संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी दुबे, दस्तावेज लेखक शिव गौतम, मोव जुनैद कुरैशी, जनक चंद्राकर, जीतेन्द्र पटेल लालू, सोमेश कुमार साहू, शाहिद खान, गोल्डी गौतम, देवनारायण पटेल, भूपेंद्र चंद्राकर, वैभव शर्मा, रूप किशन साहू, मनोहर साहू, डिलेश्वर, जयंत मुरचुलिया, योगेश साहू, एवं दस्तावेज लेखक स्टाम्प वेंडर उपस्थित थे।

# जुआरियों से 1820 रुपए जब्त, 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- तांदुला नदी के किनारे चल रहा था जुआं, मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर तांदुला नदी के किनारे जुआ सट्टा का दाव लगा रहे 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से पुलिस ने 1820 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त किया है। जिनके खिलाफ पुलिस ने धारा 3(2) एलसीजी के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर के सूचना मिला की ग्राम ओरमा के पीछे तान्दुला नदी मे बबूल पेड के नीचे कुछ लोग रूपये पैसो का हार जीत का दाव लगाकर 52 पत्ती तास से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है, जिसकी सूचना पर मौके पर जाकर रेड कार्यवाही किया। जिसमे कुछ जुआरियान पुलिस को देखकर भाग गये, जिसमे से 05 जुआरियों को घेराबंन्दी कर पुलिस द्वारा पकडा गया। जिसमे आरोपी के विरूद्व धारा 3(2) एलसीजी के तहत रिपोर्ट दर्ज किया गया। पकडे गये जुआरियों मे धरमूराम साहू 28 वर्ष, सुरेश कुमार साहू पिता 31 वर्ष, रेमन निषाद 24 वर्ष, मुकेश निषाद 35 वर्ष व मूलचंद साहू 36 वर्ष की तलाशी लिया गया तलाशी में उक्त जुआरियों के कब्जे से कुल नगदी रकम 1820 रू. एवं 52 पत्ती तास को जप्त किया व आरोपिगणों को गिरफ्तार किया गया। जुर्म जमानतीय पाये जाने से एवं आरोपियों द्वारा सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

महापौर अल्का बाघमार ने शहर के व्यापारियों से की चर्चा, ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने किए जाएंगे उपाय

# जेलरोड में मछली मार्केट होगा शिफ्ट, पार्किंग शुल्क का लगेगा बोर्ड, दिवाली में फुटकर दुकानें लगेंगी जेआरडी स्कूल मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

इंदिरा मार्केट के आसपास बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर समधान तलाशना शुरू कर दिया गया है। सोमवार को महापौर अल्का बाघमार ने व्यापारियों के साथ बैठक की। समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा की गई।

व्यापारियों ने सबसे पहले हठरीबाजार की करीब 209 दुकानों के फ्री होल्ड का मुद्दा उठाया। इस पर महापौर ने इस विषय को लेकर शासन से मार्गदर्शन मांगने की बात कही। इसके बाद व्यापारियों ने इंदिरा मार्केट स्थित पार्किंग में हो रही अवैध वसूली को लेकर शिकायत की। व्यापारियों ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर लगातार शिकायत की जा रही है। पार्किंग स्टैंड संचालक मार्केट के अन्य हिस्सों में खड़े होने वाले वाहनों से अनाप-शनाप वसूल कर रहा है। जबकि उसे पार्किंग स्थल से बाहर खड़े वाहनों से शुल्क वसूली का अधिकार नहीं है। इस पर महापौर ने पार्किंग स्थल पर बोर्ड लगाए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बोर्ड में शुल्क के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएं। महापौर ने बताया कि मछली मार्केट सहित अन्य दुकानें वहां से हटेंगे। उन्हें जल्द ही जेल रोड स्थित बनाए गए नए मछली मार्केट में शिफ्ट किया जाएगा। इसे लेकर निगम स्तर पर तैयारी चल रही है। बैठक में एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, व्यापारी संगठन से पवन बड़जात्या, मितेश पटेल, अरुण अग्रवाल, जय पारख, हर्ष पारख सहित अन्य मौजूद थे।

## महापौर अल्का बाघमार ने व्यापारियों के साथ बैठक के बाद दिए निर्देश

### इंदिरा मार्केट में नहीं लगेंगी फुटकर दुकानें, पसरा लगाने पर होगी कार्रवाई

व्यापारियों ने महापौर ने बाजार में ट्रैफिक की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बाजार पूरी तरह से खत्म हो गया है। पार्किंग के इंतजाम नहीं होने से बाहर के लोग बाजार में आना नहीं चाहते। ट्रैफिक भी एक बड़ी समस्या है। व्यापारियों ने मांग रखी कि दिवाली के समय लगने वाले फुटकर बाजार को दूसरी जगह पर शिफ्ट कराया जाए। इस पर महापौर ने जेआरटी स्कूल में पटाखा दुकानों के साथ इन दुकानों को भी शिफ्ट किए जाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने अधिकारियों को इसे लेकर सर्वे कराने के लिए निर्देशित किया। महापौर ने बाजारों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया।



### बाजार में लगाए जाएंगे कैमरे निगम करेगा निगरानी

बाजारों में कैमरे लगाने का भी निर्णय लिया गया। व्यापारियों की मदद से यह कार्रवाई किया जाएगा। निगम इसके जरिए बाजार में निगरानी रखेगा। इंदिरा गांधी पुतला एवं मोती कॉम्प्लेक्स पर पुलिस चौकी अथवा पुलिस बल की स्थाई व्यवस्था की मांग व्यापारियों ने की। हठरी बाजार की दुकानों को फ्री होल्ड करने की मांग व्यापारियों ने की। इसके तकनीकी पहलुओं को लेकर व्यापक स्तर पर चर्चा की गई। महापौर ने इस विषय को लेकर शासन से मार्गदर्शन मांगने की बात कही। इंदिरा मार्केट क्षेत्र में नगर निगम द्वारा निर्मित लगभग सभी कॉम्प्लेक्स अत्यधिक जर्जर हो गए हैं। उनका संधारण कराए जाने की भी मांग रखी गई।

## खबर संक्षेप



### गुरु खुशवंत को भेंट किया धान से बने फोटोफ्रेम

उतई। सोमवार को छत्तीसगढ़ शासन कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब को धान से बने फोटो फ्रेम भेंटकर आने वाले 19 सितंबर को पूरे छत्तीसगढ़ के टॉकीज थियेटरों में राजा गुरु बालक दास फिल्म रिलीज होने एवं फिल्म में राजा गुरु बालक दास के छोटे भाई की बेहतरीन भूमिका निभाने पर डुंडेरा सतनामी समाज अध्यक्ष केशव महिपाल, ग्राम बीरेभाट सरपंच ज्ञान दास नारंगे, विजय मधुकर, तथा हिंच्छा राम महिपाल डुंडेरा निवासी ने शुभकामनाएं दी।

### ऑनलाइन कामों का किया बहिष्कार, ज्ञापन



दुर्ग। छग कृषि स्नातक संघ द्वारा अपनी कतिपय मांगों को लेकर चरणबद्ध हड़ताल और आंदोलन किया जा रहा है। द्वितीय चरण में छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक संघ ने मुख्यमंत्री और कृषिमंत्री के नाम अनुभागिक अधिकारी राजस्व दुर्ग को ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक संघ के प्रांतीय आह्वान पर 9 सूत्रीय मांगों के लेकर आंदोलन किया जा रहा है। कर्मचारियों ने सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया। छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक संघ के जिला अध्यक्ष अमित वर्मा ने यह जानकारी दी।

### 15 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास

दुर्ग। महापौर अलका बाघमार ने लॉटरी निकालकर पीएम आवास के हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराया। पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटन की प्रक्रिया पूरी की गई। नगर निगम के डाटा सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार ने स्वयं हितग्राहियों के समक्ष पारदर्शी तरीके से लॉटरी निकालकर 15 लाभार्थियों के नाम घोषित किया। चयनित हितग्राहियों को उनके स्वप्निल आशियाने की सौगात मिली। इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, विद्युत विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार, सहायक अभियंता संजय ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे। बाघमार ने 15 हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के जीवन में एक नया प्रकाश लेकर आई है।

### कलाकारों की सृजनशीलता ने दीवारों पर पेन्टिंग की परिभाषा ही बदल दी

भिलाई। ललित कला अकादमी समूह छत्तीसगढ़ द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में चित्रकारी करने आए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों का सिविक सेंटर में नागरिक अभिनंदन किया गया। प्रसिद्ध चित्रकार हुकुम लाल वर्मा (पटेवा), ध्रुव तिवारी (रायपुर), जितेन साहू (रायपुर), अनंत साहू (खैरागढ़), गिरजा निर्मलकर (महासमुंद), किशोर साहू (नई दिल्ली), विवेक सोलंकी (रायपुर) के अलावा भिलाई के मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएसविद्यार्थी, हरिसेन, बीएलसोनी, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, गुंजन शर्मा, अभिषेक सपन एवं मूर्तिकार अंकुश देवांगन शामिल थे।

आवक : अच्छी बारिश होने पर समय से पहले बाजार में आया फल

# नगर में सीताफल की बंपर आवक ग्रामीणों के लिए बना आय का साधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्रों से इन दिनों सीताफल की बंपर आवक हो रही है। पहाड़ी और वन क्षेत्रों से ग्रामीण बड़ी मात्रा में सीताफल तोड़कर बाजारों में ला रहे हैं। इस समय जंगलों के कोने-कोने में लगे सीताफल के पेड़ फलों से लदे हुए हैं, जिन्हें ग्रामीण मेहनत कर एकत्रित कर रहे हैं। बाजारों में जैसे-जैसे सीताफल की आवक बढ़ रही है, वैसे-वैसे खरीदार भी इसकी ओर आकर्षित हो रहे हैं। आमतौर पर सीताफल दीपावली के आसपास ही बाजारों में दिखना शुरू होता है, लेकिन मौसम के अनुकूल रहने पर यह कभी-कभी पहले भी आ जाता है। इस बार भी प्रकृति के सहयोग से सीताफल की समय से पूर्व भारी आवक हो गई है। सीताफल की इस आवक से न केवल बाजार गुलजार हो रहे हैं, बल्कि ग्रामीणों के चेहरे भी खिल उठे हैं। ग्रामीणों के लिए यह मौसम कमाई का विशेष अवसर बनकर आया है।



खेतों और बाड़ियों में लगे पेड़ों के अलावा ग्रामीण जंगल के अंदर जाकर भी सीताफल एकत्रित करते हैं। सुबह-सुबह ग्रामीण महिलाएं, बच्चे और पुरुष टोकरी व बोरे लेकर जंगलों का रुख करते हैं और दोपहर तक बड़ी मात्रा में सीताफल एकत्र कर लेते हैं। इसके बाद वे उन्हें आसपास के हाट-बाजारों में बेचते हैं। इससे ग्रामीण परिवारों की आय में अच्छी बढ़ोतरी हो रही है और घर-गृहस्थी के खर्च पूरे करने में उन्हें सहूलियत मिल रही है। सीताफल की बढ़ी हुई पैदावार की जानकारी लगते ही कोचियों (बिचौलियों) की भी नजर इस व्यापार पर टिक गई है। कोचिए सीधे गांवों तक पहुंचकर ग्रामीणों से सीताफल खरीद रहे हैं और फिर उन्हें शहरों तक पहुंचाकर दोगुने-तिगुने दामों पर बेच रहे हैं। जहां गांवों में सीताफल 30 से 40 रुपये किलो के भाव पर बिक रहा है, वहीं शहरों के बाजारों में इसकी कीमत 80 से 100 रुपये किलो तक पहुंच जाती है। इस अंतर का फायदा बिचौलिये तो उठा रहे हैं, लेकिन ग्रामीणों को भी इस सीजन में नियमित आमदनी का साधन मिल रहा है।

### बाजारों में मांग बढ़ी

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस बार सीताफल की पैदावार काफी बेहतर हुई है। लगातार बारिश और अनुकूल मौसम के कारण पेड़ों पर खूब फल लगे हैं। यही वजह है कि बाजारों में इसकी आपूर्ति अधिक मात्रा में हो रही है। हाट-बाजारों में सीताफल की मांग भी बनी हुई है क्योंकि लोग इसके स्वाद और सेहतवर्धक गुणों की वजह से इसे बड़े चाव से खरीदते हैं। सीताफल न केवल स्वादिष्ट फल है बल्कि आयुर्वेद में भी इसे बेहद गुणकारी माना जाता है। इसमें विटामिन-सी, कैल्शियम और फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यही कारण है कि ग्रामीणों के हाथों से निकला यह फल शहरों में स्वास्थ्यवर्धक डाइट का हिस्सा बनकर लोगों की थाली तक पहुंच रहा है। खासकर उन इलाकों के लिए जहां रोजगार के साधन सीमित हैं, सीताफल का यह मौसम आर्थिक संबल लेकर आया है। संपूर्ण रूप से देखा जाए तो वनांचल क्षेत्र में सीताफल की बंपर और समय से पूर्व हुई आवक से ग्रामीणों के चेहरे खिले हुए हैं। हालांकि बिचौलियों की सक्रियता के कारण उन्हें अपेक्षानुसार ज्यादा मुनाफा नहीं मिल पा रहा, लेकिन फिर भी यह फल उनके जीवन में खुशियां और सहारा दोनों लेकर आया है।

## छात्रों ने ली स्वच्छता की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता शपथ दिवस का आयोजन किया गया।

इसमें प्राचार्य आर के देवांगन ने स्वच्छता को अपने कार्य व्यवहार में उतारने की बात कही। इससे हम सभी शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। यह हमें बीमारियों से दूर रखती है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, चंद्र प्रकाश सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, बिंदु पटेल, बिंदु साहू उपस्थित थे।

## 16 पौवा शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

बालोद। पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम संबलपुर के भूपेन्द्र राव के घर से अवैध शराब बिक्री की नियत से रखे 15 नग पौवा देशी शराब जप्त किया गया है। जिसके खिलाफ पुलिस द्वारा धारा 34(1) ख आबकारी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा बताया गया की मुखबीर सूचना पर ग्राम संबलपुर के बस स्टैण्ड के पास बैठे ग्राम कोटवार विजय कुमार कुर्रे 32 वर्ष के साथ रेड कार्यवाही किया एवं घर की तलाशी हेतु घर मालिक से सहमति प्राप्त कर घर की तलाशी लिया गया। भूपेन्द्र राव ने अपने मकान के रूम में ले जाकर रखे 15 नग पौवा देशी मदिरा व 01 पौवा अंग्रेजी शराब सीलबंद 180 एम.एल. मिला जिसे बरामद कर आरोपी भूपेन्द्र राव को अधिक मात्र मे शराब रखकर बिक्री के संबंध मे कोई वैध दस्तावेज हो तो पेश करने धारा 94 बी0एन0एस0एस0 का नोटिस दिया, आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(1) ख आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार किया गया। हालात थाना प्रभारी महोदय को अवगत कराया गया । मामला जमानतीय होने से सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर छोड़ा गया।

## नुआखाई जुहार भेंट उत्सव में शामिल हुए ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुरैना शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में उत्कल गाड़ा समाज द्वारा आयोजित नुआखाई

■ उत्कल गाड़ा समाज द्वारा किया गया आयोजन

जुहार भेंट उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने सभी उत्कल समाज के गणमान्य जनों को प्रणाम कर नुआखाई पर्व की शुभकामनाएं दीं।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, महापौर रिसाली निगम शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, सनिर साहू, शुभम वर्मा, पार्वती महानंद, सचिव अनिल बेनुआ, डी. साई, मोहन बघेल, रतन सोना, बी श्रीनिवास, डी बालाजी, पी मधु, परमानंद सहित समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ललित चंद्राकर ने कहा कि नुआखाई का पर्व हमें नई फसल के लिए आभार व्यक्त करने और समाज के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने सभी को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। कहा कि यह पर्व हमें समाज की एकता और सौहार्द की भावना को मजबूत करने का अवसर देता है। उत्कल गाड़ा समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नुआखाई के पावन पर्व को मनाना और समाज के बीच एकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देना था। यह पर्व हमें अपनी संस्कृति और परंपरा का सम्मान करने का अवसर प्रदान करता है।



## बीएमएस से.10 बी क्लब को मिला बेस्ट ट्राफी अवार्ड, किया सेलिब्रेशन

भिलाई। भिलाई महिला समाज शाखा सेक्टर 10 बी क्लब में बेस्ट ट्रॉफी मिलने पर कार्यक्रम का आयोजन कर सेलिब्रेट किया। इस दौरान महिलाओं ने डांस, गाने और मस्ती के साथ मनोरंजक गेम भी खेले। सेक्टर 10 बी महिला समाज ने इस साल 4 अगस्त स्थापना दिवस को चैंपियन बनकर बेस्ट ट्रॉफी अपने नाम की थी।

इस खुशी को बड़े हर्षो उल्लास के साथ सेलिब्रेट किया गया। जिसमें नृत्य, गाना, फ्री हाउजी गेम का भी आयोजन किया गया। सभी सदस्यों ने टेस्टी नाश्ते का आनंद भी उठाया। पिछले साल के कार्यकाल को देखते हुए अध्यक्ष नीता पंचभाई, उपाध्यक्ष एकता यादव कोषाध्यक्ष चीकू शर्मा के कार्यकाल को देखते हुए यह ट्रॉफी प्रदान की गई थी। इस समारोह का आयोजन वर्तमान के अध्यक्ष शकुंतला, उपाध्यक्ष गायत्री, कोषाध्यक्ष किरण यादव की देखरेख किया गया था। सेक्टर 10 बी क्लब की ओर से भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष स्मिता गिरी और उपाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को बेस्ट क्लब के लिए चुने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर क्लब की सदस्याओं ने इस वर्ष भी एकता और संगठित होकर क्लब को नए मुकाम पर ले जाने की बातों पर विचार-विमर्श किया।



### नवरात्रि पर्व पर खुर्सीपार में आयोजन विस अध्यक्ष डॉ. रमन को दिया निमंत्रण

भिलाई। नवरात्रि महापर्व के अवसर पर भिलाई खुर्सीपार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को विशेष आमंत्रण दिया गया। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति और दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ डॉ. सिंह से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र प्रदान किया। समिति द्वारा हर वर्ष नवरात्रि पर्व को उत्साह और धूमधाम से मनाते हैं। उनके नेतृत्व में खुर्सीपार में प्रदेश का सबसे बड़ा सेवा पंडाल निर्मित होता है, जहां श्रद्धालुओं के लिए विशेष पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

सुंदर नगर निवासियों ने सड़क निर्माण की रखी मांग

## सीमांकन के बाद भी कब्जाधारी जमीन नहीं कर रहा खाली, अंडा के बुजुर्ग ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर योगिता देवांगन भी उपस्थित थीं। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 107 आवेदन प्राप्त हुए।

भिलाई नगर निवासी ने फैक्ट्री के द्वारा होने वाले प्रदूषण की शिकायत की। उन्होंने बताया कि एक रासायनिक फैक्ट्री औद्योगिक नियमों की



अनदेखी करते हुए हवा और भूजल को गंभीर रूप से प्रदूषित कर रही है। फैक्ट्री के बेकार केमिकल को जमीन पर बहा दिया जाता है, जिससे आसपास के बोरवेल का पानी पीने योग्य नहीं रहा। साथ ही दूषित हवा से रहवासियों को सांस, त्वचा व अन्य गंभीर समस्या हो रही हैं। इस पर कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### बोरसी क्षेत्र की कॉलोनियों में अब तक नहीं बनी सड़क और नालियां

न्यू सुंदर नगर बोरसी दुर्ग निवासियों ने सड़क व नाली निर्माण कराने आवेदन दिया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि न्यू सुंदर नगर, बोरसी स्थित आर.व्ही. पेट्रोल पंप के सामने वाली गली में पक्की सड़क एवं नाली निर्माण नही किया गया है। कच्ची सड़क में बड़े गड्ढों के कारण आए दिन दुपहिया वाहन चालक, महिलाएं और बच्चे चोटिल हो रहे हैं। हेल्पलाइन 112 और कचरा वाहन भी इस रास्ते पर आने से मना कर देते हैं। इस संबंध में संबंधित विभाग को आवदेन प्रस्तुत किया गया है। इस पर कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

**अंडा में बुजुर्ग को किया जा रहा परेशान, शिकायतः** वृद्ध ने भूमि से अवैध कब्जा हटवाने आवेदन दिया। ग्राम अण्डा के वृद्ध ने बताया कि भूमि का सीमांकन होने के बाद भी एक अन्य व्यक्ति द्वारा भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। भूमि पर पत्थर से घेरा डाल कब्जा किया गया है और विरोध करने पर गाली-गलौज व धमकी दी जाती है। वृद्ध ने अन्य व्यक्ति से जमीन को मुक्त कराने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। रहटादाह धमधा के किसानों ने मुआवजा राशि दिलाने की मांग की। किसानों ने बताया कि खेतों में बिजली विभाग द्वारा बड़ी टावर लगाकर विद्युत लाईन का प्रवाह किया जा रहा है। जिन किसानों के खेतों में टावर खड़ा किया गया है उनको मुआवजा राशि देने का आश्वासन दिया गया था ।

## पेज 13 के शेष

### सब जूनियर ...

साहू, साहू समाज उपाध्यक्ष जयंत साहू, अंतर्राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग के कोच महेंद्र टेकाम, अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी आशीष दिल्ली वार, राजनांदगांव जिला वेटलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव और अन्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए जिला वेट लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष आरपी यादव ने अन्य जिलों से आए बालक एवं बालिका खिलाड़ियों, कोच मैनेजर एवं ऑफिशियल टीम के साथ फिटनेस वर्ल्ड जिम के सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए आगे इससे भी ज्यादा सुविधा के साथ राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिता कराने हेतु प्रयास करने का आश्वासन दिया गया।

### सामाजिक मीटिंग में उपसरपंच ...

पिताजी के सिर, गला, बांये हाथ के कोहनी एवं बांये पैर के घुटना मे चोट आया है। जिस पर दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) रिपोर्ट दर्ज करवाया है।

### भारतीय किसान संघ ...

जिला उपाध्यक्ष देवी लाल डन्डसेना, जिला जैविक प्रमुख मनहरण साहू, भारतीय किसान संघ जिला बालोद सदस्य योगेश कुमार निर्मलकर, बालोद तहसील मंत्री लक्ष्मीचंद धनकर, रामनरायण सिन्हा, गौचारण गजभिम, भागवत चन्दवंशी, माखनलाल लाल मण्डावी, बनाऊ राम साहू, उमाशंकर साहू, खुमु ठाकुर, एवत राम साहू, हेमलाल साहू, ललीत कुमार रामटेके, बाबुलाल साहू एवं अन्य किसानों कि उपस्थित रहे। अध्यक्ष भारतीय किसान संघ बालोद सांवत राम साहू ने उक्त जानकारी देते हुए किसानों से अपील किया है कि 18 सितम्बर दिन गुरुवार सुबह 11 बजे ज्ञापन सौंपने के लिए अपने तहसील में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### स्वच्छता अभियान के साथ पीएम ...

के सांसद विजय बघेल दुर्ग लोकसभा के मुख्यआतिथ्य में सम्पन्न होगा। अध्यक्षता कल्पना नारद साहू जिला पंचायत सभापति करेंगे, विशिष्ट अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष जामगांव आर कमलेश साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन कमलेश वर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, निर्मल जैन, महामंत्री द्वय जामगांव आर मंडल पूर्णेंद्र सिन्हा, प्रथम मण्डल अध्यक्ष जामगांव आर धनराज साहू, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति रानीतराईयोगेश्वर साहू, सांसद प्रतिनिधि विद्यालय कौही कामता साहू, मंत्री भाजपा मण्डल गुमान साहू, मंत्री भाजपा मण्डल यशवंत यादव, बूथ अध्यक्ष संतोष साहू, बूथ अध्यक्ष सोहन साहू होंगे भूमिपूजन कार्यक्रम ग्राम कौही सरपंच लीना सुरेश साहू मंचासिन व ग्रामीणों की उपस्थिति में संपन्न होगी।

## खबर संक्षेप

### अंगीकार अभियान 2025 के क्रियान्वयन समिति की अध्यक्ष होंगी कलेक्टर

**बालोद।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 'अंगीकार अभियान 2025' के क्रियान्वयन हेतु समिति का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा समिति की अध्यक्ष होंगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक समिति के सदस्य होंगे। इसी तरह मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद मोबिन अली को सचिव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दल्लीराजहरा भूपेन्द्र वाडेकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुरूर श्रीनिवास पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अर्जुंदा चंद्रकांत शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चिखलाकसा अरविंद योगी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डौण्डी संतोष देवांगन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डौण्डीलोहारा राजेश बैनर्जी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुण्डरदेही किरण पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पलारी गिरीश साहू समिति के सदस्य होंगे।

आरोपी द्वारा चौकी स्मृति नगर से भी बाइक सीजी 07 बी.डब्ल्यू 3721 को चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में केन्द्रीय जेल भेजा गया। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है।

### वाट्सएप से सट्टा खिलाने का आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** मोबाइल के वाट्सअप से सट्टा खिलाने वाले फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर सूचना पर कल्याण, राजधानी नाम के सट्टा में दांव राम नगर मुक्तिधाम के पास लगा रहे थे। पुलिस ने पहले ही चार आरोपी आजम अहमद,, विकास शर्मा , कुलेश्वर कुमार साहू उर्फ कुल्लु ,सुरज वर्मा गिरफ्तार किया था।

## निधन

### प्रख्यात हास्य व्यंग्य कवि सुरजीत नवदीप का निधन साहित्य जगत में शोक

**गुरुर।** प्रदेश व धमतरी को देशभर में पहचान दिलाने वाले देश के प्रख्यात हास्य व्यंग कवि सुरजीत



नवदीप का सोमवार की रात्रि निधन हो गया। सुरजीत नवदीप के निधन से गुरुर नगर सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सुरजीत नवदीप का नगर व क्षेत्र से गहरा संबध रहा है । वे सैंकडो.बार गुरुर सहित विभिन्न ग्रामों में कवि सम्मेलनो में अपनी कला का लोहा मनवा चुके है। गुरुर क्षेत्र के कवि सम्मेलनो में हास्य व्यंग कवियों में सुरजीत नवदीप को सुनने दूर–दूर से श्रोता पहुंचते थे। सुरजीत नवदीप के निधन से रचना साहित्य समिति गुरुर सहित साहित्य जगत में भी शोक व्याप्त है।

### निर्मला साहू

**लाटाबोड़/बालोद।** ग्राम चारवाही निवासी सेवानिवृत्त प्रधान पाठक



लोमन सिंह हिरवानी के पुत्रवधू निर्मला साहू पति राजेश कुमार हिरवानी 44 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह डाक्टर भानुप्रताप हिरवानी के भाभी थीं।

### अलख राम पटेल

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी निवासी



अलख राम पटेल 74 वर्ष का निधन 16 सितम्बर को हो गया। वह सुप्रसिद्ध बेंजो मास्टर महेन्द्र पटेल, गामन पटेल के पिता व कवंल सिंह पटेल, हरिशंकर, हरिकांत पटेल के बड़े भैया थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम चिंगरी के मुक्तिधाम में किया गया।

---

**पहल : जिले के 186 गांवों का किया गया है चयन**

# अजा परिवारों को आज से घर-घर दी जायेगी सरकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से प्रारंभ होने वाले आदि सेवा पर्व के दौरान जिले के चयनित 186 गांवों में निवासरत जनजातीय परिवार के लोगों को उनके कल्याण के लिए संचालित शासकीय योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में बुधवार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित आदि सेवा पर्व के सफल आयोजन के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मिश्रा ने आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के संबंध में विस्तापूर्वक जानकारी दी। उन्होंने आदि कर्मयोगी अभियान को शासन के विशेष प्राथमिकता वाले कार्य बताते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले में इसका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मिश्रा ने उच्च न्यायालय आदि लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए समय–सीमा में इसका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को हड़ताल पर जाने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों के वापस अपने कार्य में आने हेतु कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने 16 सितंबर तक कार्यभार ग्रहण करने के लिए कार्यालय में पहुंचने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से कार्यभार ग्रहण कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले में मलेरिया के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने मलेरिया के रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने तथा जिले में कहीं पर भी मलेरिया के प्रकरण पाए जाने पर उनके इलाज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिला खजिन अधिकारियों को जिले में खनिज पदार्थों की उत्खनन एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली।

मिश्रा ने लगातार अभियान चलाकर खनिज पदार्थों के अवैध परिवहन एवं उत्खनन के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय कार्यालयों में महिला उत्पीड़न की रोकथाम हेतु स्थानीय शिकायत समिति के गठन के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने इसे अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों में स्थानीय शिकायत समिति का अनिवार्य रूप से गठन करने के निर्देश दिए।



**ई-फाइलिंग की समीक्षा की गई**

बैठक में मिश्रा ने जिले के सड़कों एवं पहुंच मार्गों की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी सड़क निर्माण विभागों को खराब सड़कों के मरम्मत हेतु शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में ई–फाइलिंग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इसे शासन के विशेष प्राथमिकता वाले कार्य बताते हुए सभी शासकीय कार्यालयों में शत प्रतिशत ई–फाइलिंग का कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी शासकीय कार्यालयों में बॉयोमेट्रिक मशीन उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली तथा सभी अधिकारी–कर्मचारियों का बॉयोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

---

# जोरातराई में आज से त्रिदिवसीय 74वां अखण्ड रामनाम सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

पितृ श्राद्ध के अवसर एवं पूर्वजों के आशीष व ग्राम देवता बाबा खण्डोराव के सूक्ष्म संरक्षण मे समस्त ग्रामवासी जोरातराई (आर) के तत्वावधान मे लगातार 74 वर्षों से इस ग्राम मे झांकीमय भव्य अखण्ड रामनाम सम्मेलन का आयोजन 17 सितम्बर बुधवार से 20 सितम्बर तक त्रिदिवसीय रामनाम की अविरल धारा प्रवाहित होगी।

जिसका शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलित आज दोपहर 2 बजे आमंत्रित अतिथिगणों की उपस्थिति मे सम्पन्न होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, सदस्य जिला पंचायत सदस्य कांतिसोनेश्वरी, सरपंच ग्राम पंचायत कुथरेल पेमिन दीपक साहू, सरपंच ग्राम पंचायत डोंगीतराई हिलेश्वरी बीरेन्द्र बम्भोले, पूर्व सरपंच जोरातराई रेणुका ठाकुर, पंच जोरातराई किरण डोमेन्द्र उपस्थित रहेंगी। जानकारी के मुताबिक इस आयोजन मे अंचल के ख्यातिप्राप्त झांकीमय भव्य रामधुनी मंडलियां भी अपना प्रस्तुती देंगे। जिसमे प्रथम दिवस 17 सितम्बर को रात्रि 8 बजे से जय मां शीतला रामधुनी मंडली बोड़रा भोथीडीह की प्रस्तुती होगी। 18 सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से रात्रिकालीन तक जय मां खल्लारी माता रामधुनी पार्टी चिरपोटी, दोपहर 2 बजे से सिया के राम रामधुनी पार्टी सोंहतरा, रात्रि 8 बजे से जय बजरंग रामधुनी पाटएँ परसाडीह, 19 सितम्बर को सुबह 11 बजे से जय मां शीतला रामधुनी मंडली जोरातराई, दोपहर 2 बजे से जय अम्बे रामधुनी मंडली कचना, रात्रि 9 बजे से जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली आमदी, अंतिम दिवस 20 सितम्बर को सुबह 11 बजे से जय अम्बे जगदम्बे रामधुनी पार्टी आलेखुंटा, रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ लोक बालकृष्ण रामधुनी मंडली नीचे कोहड़ा मानपुर मोहला की प्रस्तुति होगी। साथ ही 20 सितम्बर को दोपहर 3 बजे गांव के यादव भाईयों के द्वारा दही लूट का आयोजन होगा। इस आयोजन मे मंच संचालन वेदकुमारी खम्हारडीह, हरिश्चंद्र अंगारे एवं पंचकुमार साहू शिक्षक जोरातराई करेंगे। उक्त जानकारी इस आयोजन के अध्यक्ष गोविंद चंद्राकर एवं उपाध्यक्ष हेमन्त चंद्राकर ने दी।

■ अंचल की रामधुनी मंडलियों ने दी विभिन्न प्रस्तुति

---

# प्रगति स्कूल में हुआ न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

नगर के वरिष्ठ समाज सेवी रहे स्व. सुगनचंद लुंकड़ की पुण्यतिथि पर नगर में सामाजिक सेवा और परोपकार की एक अनूठी मिसाल प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर नरेन्द्र लुंकड़ द्वारा प्रगति विद्यालय के बच्चों के लिए विशेष न्योता भोज का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को खीर, पूरी, सब्जी एवं केला परोसा गया। स्वादिष्ट भोजन पाकर बच्चे अत्यंत प्रसन्न नजर आए और उन्होंने इस आयोजन के लिए आयोजकों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से प्राचार्य राजकुमार देवांगन, संचालक ललित सिंह गौर, प्रधानाचार्या सुश्री कीर्तिबाला टांक सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वहीं गणमान्य नागरिकों में पुरानिक सोनवानी और सुरेश देवांगन विशेष रूप से उपस्थित होकर इस पुण्य कार्य में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. सुगनचंद लुंकड़ के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवनकाल में सदैव सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों को महत्व दिया। उनकी पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों और विद्यार्थियों के लिए भोजन वितरण का यह आयोजन उनकी प्रेरणा और आदर्शों को जीवित रखने का एक सार्थक प्रयास है। इस दौरान 275 छात्र-छात्राएं और 25 शिक्षकों ने भोज किया।



---

# ब्रह्माकुमारीज ने शिक्षक सम्मान में आयोजित की संगोष्ठी





हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौण्डीलोहारा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय डौण्डीलोहारा के तत्वावधान में स्थानीय सेवा केन्द्र में संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संगोष्ठी का विषय था -भारत के नवनिर्माण में शिक्षकों का योगदान। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भ्राता शिवनाथ बघेल जी एस डी एम डौण्डीलोहारा थे। अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी प्रभारी ब्रह्माकुमारीज डौंडीलोहारा ने किया।



विशेष अतिथि भ्राता तुलाराम रानाडे प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दल्लीराजहरा, लूणकरण ठाकुर प्राचार्य बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौण्डीलोहारा, राजू लाल कोसरे प्रोफेसर महाविद्यालय नंदनी एवं किशोरी लाल साहू पूर्व उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा थे। इस दौरान संस्था के बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य, टीचर्स सम्मान डांस एवं टीचर्स का शुक्रिया डांस प्रस्तुत किया गया। ब्रह्माकुमारी कविता बहन ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। शिवनाथ बघेल ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि शिक्षकगण, शिक्षकीय कार्य के अलावा शासन के अन्य कार्य भी कुशलता से करते हैं। सीमा दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नये भारत के नवनिर्माण में शिक्षकों की क्या भूमिका होना चाहिए? शिक्षक अपने कर्म से, व्यवहार से बच्चों को प्रेरणा दे। ब्रह्माकुमारीज द्वारा अतिथियों एवं उपस्थित सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं को बैज लगाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। चन्द्रलता दीदी ने मेडिटेशन से योग अनुभूति कराई। कार्यक्रम का संचालन भारती बहन एवं लीलेश्वर कुर्रे ने किया। टुमन लाल साहू अधिवक्ता ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर 15 सितंबर से सात दिवसीय निःशुल्क तनावमुक्त जीवन के लिए राजयोग अनुभूति शिविर का आयोजन प्रतिदिन प्रातः 7 से 8 बजे एवं संध्या 6 से 7 बजे तक किया गया है।

---

# विभिन्न संस्थाओं ने किया एनुका शार्वा का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

राज्य के सर्वोच्च पुरस्कार ग्रहण पश्चात सुश्री एनुका शार्वा की कार्यस्थल पर वापसी से विद्यालय में खुशी का माहौल था। विद्यालय के शिक्षकों के अतिरिक्त बच्चों ने भी उनका भव्य स्वागत किया।

इस उपलक्ष्य में शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा के प्रभारी प्राचार्य एल के ठाकुर तथा समस्त व्याख्याता शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा उन्हें बुके, शॉल, श्रीफल भेंट कर कर सम्मान किया गया। श्री ठाकुर ने सुश्री सार्वा की सफलता पर बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हो इसकी शुभकामनाएं प्रदान की और उनकी प्रशंसा करते हुए नित नए प्रयोग करते रहना ही एक शिक्षक का कार्य होता है बतलाया गया। इसी क्रम में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता प्रदीप मेश्राम ने कहा कि सुश्री सार्वा का यह सम्मान कठिन परिश्रम और बच्चों के प्रति समर्पण का प्रतिफल है और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कक्षा 12वीं की छात्र-छात्राओं द्वारा एनुका शार्वा के लिए गुलदस्ता, केक और गुब्बारे से कक्षा को सजाकर अभिनंदन किया गया, इसमें श्वेता, दिव्या आयुषी, गीतांजलि, भावना ने सभी शिक्षकों को भी केक खिलाया। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निर्वेंद्र सिंह टेकाम द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। बालोद जिला के एकमात्र काष्ठ कलाकार दीपक तारम द्वारा होम नेम प्लेट प्रदान किया गया। इस क्रम में नवाचारी शिक्षिका सुश्री एनुका शार्वा का सहायक समग्र शिक्षक संघ द्वारा सम्मान किया गया, मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा की उपस्थिति में सम्मान पत्र, श्री फल, गुलदस्ता प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र हरमुख, श्री खेमंत साहू, श्री अनिल दिल्लीबार, संभव देवांगन,खैरा विद्यालय के प्रधान पाठक प्रेम सिंह कोलियारे, सुदामा गेंद्रे,तृप्ति लता ठाकुर लक्ष्मी गंजीर, रविचंद्र सिन्हा तथा शिक्षक गण उपस्थित थे।

इस आयोजन में प्रदेश साहू संघ के मीडिया सलाहकार शिवेंद्र बहादुर साहू द्वारा भी सुश्री एनुका शार्वा को लेखनी और डायरी प्रदान की कर अभिनंदन किया गया और हास्टल वार्डन कामिनी पटेल द्वारा भी सम्मान प्रदान किया गया। प्रजापति ईश्वरीय ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की शाखा प्रमुख सीमा दीदी द्वारा जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर, एनुका शार्वा को मोमेंटो प्रदान किया।





---

# भूपेश के कार्यकाल की हॉफ बिजली खत्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ सरकार ने मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ा झटका दिया है। हॉफ बिजली बिल योजना में कटौती की गई है। पहले 400 यूनिट बिजली



के बिल तक आधा बिल देना पड़ता था। लेकिन अब इसमें कटौती करके 100 यूनिट कर दिया गया है। हाफ बिजली बिल योजना की शुरुआत भूपेश बघेल के कार्यकाल में हुई थी। सरकार के इस फैसले के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने विष्णुदेव सरकार पर हमला बोला है। डौंडीलोहारा नगर पंचायत के पार्षद राजेंद्र निषाद ने कहा कि साय सरकार ने बिजली बिल हॉफ योजना को बंद कर दिया है। साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट तक की खपत वाले का ही बिजली बिल हॉफ करने का निर्णय लिया है। इससे घरेलू उपभोक्ता बिजली बिल हॉफ योजना से वंचित हो गये है। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा।

### पहले कैसे मिलता था लाभ

पार्षद राजेंद्र निषाद ने कहा कि पहले किसी को बिजली का खपत मान लो 600 यूनिट था उससे ज्यादा भी था तो उसके पहले 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल आधा हो जाता था, शेष पर ही उसको पूरा बिल देना पड़ता था। कांग्रेस, सरकार के इस फैसले का विरोध करती है। राजेंद्र निषाद ने आगे कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था। जिसे 5 साल में लगभग प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रु. तक की बचत हुई है। कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किये गये 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ के दायरे में प्रदेश का लगभग हर उपभोक्ता आता था। पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई थी। डेढ़ साल के भीतर साय सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी की है।

### कांग्रेस सरकार में मिलती थी 24 घंटे बिजली

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी।

---

# तीन दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन

**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर शासकीय प्राथमिक शाला डारागांव संकुल केन्द्र बड़गांव के प्रधान पाठक राजेन्द्र कुमार नायक की सहमति से शुरू किया गया। जिसमें योग शिक्षक पीलू राम साहू द्वारा बच्चों को स्वस्थ और जीवन जीने की कला बताया। बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। पहला सुख निरोगी काया, स्वस्थ शरीर में ही स्वच्छ मन का वास होता है। विभिन्न योगाभ्यास जिसमें गतियोग, यौगिक जौगिग, सूर्य नमस्कार, प्रज्ञा योग व्यायाम, मंडुक आसन, सिंहासन हास्यासन, प्राणायाम आदि करवाया गया। योग शिक्षक ने कहा यदि जीवन में सुख शांति और स्वस्थ रहना है तो नियमित योग, व्यायाम, प्राणायाम करें।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## मोदी के जन्मदिवस पर निःशुल्क चिकित्सा व रक्तदान शिविर का आयोजन



**गुरुर।** आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय स्काउट्स गाईड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ बालोद द्वारा निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर व रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया है। चिकित्सा शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर सी मार्ट नगर पालिका परिसर बालोद में होगा। जिसमें विकास खण्ड गुरुर के सदस्य पदाधिकारियों की सक्रिय सहभागिता होगी एवं विकास खण्ड से भी रक्त दान करने लोग बालोद पहुंचेंगे। चिकित्सा शिविर में स्त्री रोग विषेशज्ञ डॉ मिताली टुवानी, जनरल फिजिशियन डॉ तारेश कुमार रावटे, दंत रोग विषेशज्ञ डॉ मोना टुवानी, हड्डी रोग विषेशज्ञ डॉ अमित पाण्डेय, मूत्र रोग विषेशज्ञ डॉ शिवेन्द्र तिवारी, बाल रोग विषेशज्ञ डॉ सूर्या, कैंसर रोग विषेशज्ञ डॉ नवीन जैन, जनरल सर्जन डॉ वैभव राठी, नाक,कान, गला रोग विषेशज्ञ डॉ दिग्विजय सिंह, जनरल फिजिशियन डॉ अविश कौरा, एमडी मेडिसिन डॉ राकेश कुमार सिंह अवनी सेवायें देंगे। शिविर संध्या 4 बजे तक संचालित होगी।

## परसदा स्कूल में न्योता भोज कराया गया



**अंडा।** पितृ पक्ष के अवसर पर न्योता भोजन परसदा डंग स्वर्गीय रोशन बाघमार के पुण्य तिथि पर मौली ज्वेलर्स परिवार दुर्ग के द्वारा शासकीय उच्च प्राथमिक शाला परसदा डंग में न्योता भोजन आयोजित किया गया था। जिसमें शाला कुल बच्चे 170, 12 स्टॉफ गण, एसएमसी के 16 सदस्य को खीर, पुरी, बड़ा, चांवल दाल सब्जी परोसा गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच सत्यवती साहू, उपसरपंच हिलेश्वर साहू, नीलांबर अध्यक्ष, विनोद कुमार, रेशमा साहू, लाला राम महेश कुमार चंद्राकर प्र पा, एवं समस्त स्टॉफ गण के द्वारा मौली ज्वेलर्स परिवार को सादर सम्मान भेंट किया गया।

## कृषि स्नातक अधिकारी संघ ने काली पट्टी बांधकर की हड़ताल

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक अधिकारी संघ ने नौ सूत्रीय मांगों के लिए चरणबद्ध आंदोलन के तहत जिला एवं विकासखंड स्तर पर काली पट्टी बांधकर सांकेतिक हड़ताल की। इसी क्रम में 15 सितंबर को अपने विकासखंड के एसडीएम एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि संघ के सदस्यों द्वारा बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्यों का निष्पादन नहीं किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष नवल किशोर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत जंघेल, मिलाप राम साहू, फनींद्र देवांगन, माधुरी साहू, राजेश कुमार पटेल, जितेंद्र कुमार साहू, थानेश्वर मरकाम, मुकेश साह उद्यानिकी विभाग से अखिलेश कुमार, आशीष नेताम, तरुण यादव एवं समस्त सदस्य उपस्थित थे।

### पदाधिकारियों ने नई जिम्मेदारी के साथ समाज सेवा का लिया संकल्प

# साहू समाज की कमान चंद्रहास साहू को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर के निर्देशानुसार परिक्षेत्र सनौद द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में ग्रामीण साहू समाज डोटोपार में पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर चंद्रहास साहू, उपाध्यक्ष दूरदेशी राम साहू, महिला उपाध्यक्ष सेवती साहू, संगठन सचिव प्यारेलाल साहू एवं महिला संगठन सचिव जानकी साहू निर्वाचित घोषित किए गए।

पर्यवेक्षक के रूप में लीलाराम साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष छन्नूलाल साहू, परिक्षेत्र संरक्षक एवं रामनारायण साहू, परिक्षेत्र कोषाध्यक्ष ने चुनाव सम्बन्धी नये नियमों की जानकारी प्रदान किए। सभा को पूर्व तहसील सचिव गिरधर राम साहू, पूर्व अध्यक्ष गुलाब राम साहू, परमेश्वर कलिहारी, भैयालाल साहू, चम्पेश्वर साहू, परिक्षेत्रीय महिला उपाध्यक्ष सत्यभामा साहू, जनपद सदस्य झालेंद्र कुमार साहू, सरपंच चंद्रकला कलिहारी एवं ग्रामीण अध्यक्ष एकनारायण कलिहारी ने संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी खिलानंद साहू तथा संचालन ग्रामीण सचिव तामेश्वर लाल साहू ने किया। इस अवसर पर दानवीर चुरामन साहू को ग्रामीण साहू समाज द्वारा साफा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लोकेश्वर साहू, लोमेश साहू दुकालू साहू, चुरामन साहू, रामचंद्र साहू, भीमेश्वरी साहू ईश्वरी देवी साहू, सत्यभामा साहू, मीना साहू, सदा राम साहू, गणपत कलिहारी, सुमेन्द्र साहू, रोहित साहू, रविकुमार साहू, भारती साहू, विजय राम, धनेश्वर, नरसिंह, तेजराम साहू ने सहयोग प्रदान किया। वक्ताओं द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सभी को साथ लेकर समाज का संचालन करने हेतु प्रेरित किया गया। साहू समाज की ओर से दानवीर चुरामन साहू को साफा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रहास साहू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज के विकास के लिए मिलजुलकर काम करने का संकल्प व्यक्त किया।

## महिमा बनीं नगर साहू समाज की अध्यक्ष



**गुरुर।** नगर साहू समाज की कमान अब एक महिला के हाथों में होगी। नगर में संपन्न चुनाव में महिमा साहू नगर साहू समाज अध्यक्ष चुनीं गई। महिमा ने सालिक राम को 8 के मुकाबले 13 मतों से हराया। इस प्रकार महिमा साहू 5 मतों से विजयी रही। यह पहला अवसर होगा जब नगर में ग्रामीण साहू समाज का नेतृत्व एक महिला करेगी। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। गुरुर साहू समाज के उपाध्यक्ष हेमन्त कुमार साहू होंगे। महिला उपाध्यक्ष जाम बाई साहू को चुना गया। संगठन सचिव ओमप्रकाश साहू होंगे एवं संगठन सचिव महिला चन्द्रलता साहू होंगी। अध्यक्ष पद के लिए भी महिला व पुरुष दोनों नामांकन दाखिल कर सकते हैं। महिमा साहू नगर की पहली महिला अध्यक्ष होगी, इसके पूर्व महिमा साहू लगातार दो कार्यकाल तक नगर साहू समाज की उपाध्यक्ष रही है। बीते सत्र तक महिमा साहू महिला उपाध्यक्ष रही है। महिमा साहू नगर पंचायत गुरुर की पूर्व में अध्यक्ष भी रही है। वर्तमान में नगर पंचायत गुरुर में पाषद भी है ।

## ग्रामीण साहू समाज का अध्यक्ष भोमराज बने



**लाटाबोड़।** ग्रामीण साहू समाज ग्राम भोइनापार में सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष भोमराज साहू चुने गये। इसी तरह उपाध्यक्ष कुम्भकरण साहू,महिला प्रकोष्ठ मे उपाध्यक्ष प्रियंका साहू संगठन सचिव तामेश्वर साहू महिला मे भीखेश्वरी साहू को सर्वसम्मति से साहु समाज की जिम्मेदारी दी गई कोषाध्यक्ष चतुर राम साहू, सह सचिव किशुन साहू सलाहकार संरक्षक धर्मेंद्र कुमार साहू मिथलेश साहू युवा प्रकोष्ट सचिव प्रवीण कुमार साहू को बनाया गया। जिसमें ग्रामीण साहू समाज ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को तिलक लगाकर बधाई दी।

## तेजराम बने ग्रामीण साहू समाज कन्हारपुरी के अध्यक्ष

**गुरुर।** ग्रामीण साहू समाज कन्हारपुरी के चुनाव में सरपंच तेजराम साहू को ग्रामीण साहू समाज का अध्यक्ष चुना गया। डॉ. योगश समाज के सचिव होंगे। उपाध्यक्ष हलयुद्ध हिरवानी को व महिला उपाध्यक्ष बैजन्ती बाई साहू को चुना गया। कोषाध्यक्ष अवध कुमार साहू होंगे। महिला संगठन मंत्री रूखमणी साहू होंगी। साहू समाज के संरक्षक अश्वनी कुमार साहू होंगे। इस दौरान परिक्षेत्र साहू समाज मोखा के अध्यक्ष गौकरण साहू सहित ग्राम कन्हारपुरी व परिक्षेत्र मोखा के सामाजिक सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए व्याख्याता तामसिंग पारकर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) के व्याख्याता तामसिंग पारकर को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण 2025 के तहत 'शिक्षा श्री' की उपाधि से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान बीआईटी ऑडिटोरियम, दुर्ग में आयोजित एक समारोह में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल और ललित चंद्राकर के हाथों प्रदान किया गया।

### शिक्षा में नवाचार और सामाजिक योगदान

भौतिक शास्त्र के व्याख्याता तामसिंग पारकर को शिक्षा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान मिला है। उन्होंने न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए काम किया, बल्कि स्वास्थ्य, साक्षरता, महिला सशक्तिकरण और छात्र व्यक्तित्व विकास जैसे क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके प्रयासों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हुआ है और इसी असाधारण कार्य को देखते हुए दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक शिक्षा ने उन्हें 'शिक्षा श्री' के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा। अपने 15 वर्षों के शिक्षण करियर में तामसिंग पारकर ने अपनी मेहनत और लगन से अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्हें एक कर्मठ और बहुआयामी शिक्षक के रूप में जाना जाता है। वे अपनी कक्षाओं में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हें मिले सम्मानों में 'शिक्षा श्री' के अलावा राष्ट्रीय शिक्षा शिल्पी, सृजन गौरव अलंकरण, उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षक सम्मान, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षा अवार्ड, डॉ. राधाकृष्णन शिक्षक अवार्ड और छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान जैसे कई प्रतिष्ठित पुरस्कार शामिल हैं। तामसिंग पारकर ने इस सम्मान का श्रेय अपने माता-पिता और पत्नी देवंतीन पारकर को दिया है। उनके इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी, जनप्रतिनिधि और समस्त ग्रामवासियों ने उन्हें बधाई दी है।

## हमें भगवान के आदर्शों का पालन करना होगा



**गुरूर।** ग्राम साल्हेभाट में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 16 सितंबर को अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू के मुख्य आतिथ्यि में हुआ। अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू ने किया। विशेष अतिथि के रुप में संतोष प्रजापति, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर अजीत कुंजाम, सुरेन्द्र मंडावी, झालेन्द्र सिन्हा उपस्थित थे।

सुनीता संजय साहू ने कहा आज गांव-गांव में भगवान के गुणों का गुणगान किया जा रहा है, मात्र गुणों के बखान से राम राज्य नहीं आ सकता, हमें भगवान के आदर्शों का पालन करना होगा। आज के समय में यह प्रासंगिक हो गया है, आज जिस गति से समाज में बिखराव हो रहा है वह चिंताजनक है। अध्यक्षता कर रहे सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू ने कहा भगवान राम हमारे आदर्श हैं, हमे उनके बताए आदर्शों पर चलकर ही सुख, शाति, समृद्वि मिल सकती है। समापन समारोह आज 17 सितंबर को होगा, जिसके मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा होंगी। अध्यक्षता महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर सुमीत राजपूत करेंगे। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मुड़गहन रेश्मा तिलेश्वर सिन्हा एवं पंचगण पूर्व सदस्य जनपद पंचायत गुरूर रामेश्वर ध्रुव होंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान समिति के अध्यक्ष तुलसी राम नेताम, उपाध्यक्ष तिजउ राम नेताम, कोषाध्यक्ष रामेश्वर ध्रुर्वे, सचिव ओमप्रकाश सिन्हा के साथ सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## दंतेश्वरी मैया सहकारी समिति में विश्वकर्मा आज

**बालोद।** दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट बालोद में विश्वकर्मा पूजा समिति 2025 का गठन किया गया। विश्वकर्मा पूजा आज 17 सितंबर को किया जाएगा। जिसमें अध्यक्ष संजय साहू, उपाध्यक्ष टीकम साहू, कोषाध्यक्ष हीरा पन्ना मिर्च, उप कोषाध्यक्ष टिकेश्वरमाइ, सचिव परमेंद्र कुमार, सह सचिव रोहित सिन्हा, संरक्षक संतोष सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य तुलसी राम देवांगन, रामदीन तारम, भारत, परशुराम मंडल, जितेन्द्र साहू गेंदलाल साहू, आशीष चंद्राकर, लोकेश साहू, मनोज सिन्हा, तामेश सिन्हा, राजकुमार सिन्हा पुरानिक आदव, पुनारद यादव भूषण देशलहरे, शिवानंद सिन्हा कमलेश धनकर, भूपत बाइ तथा भुमेश्वर साहू सर्वसम्मति से चुने गये।

# ग्राम बोहारा त्रिदिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद




ग्राम बोहारा मे संगी जहूरिया युवा समिति एवं ग्रामवासी बोहरा के तत्वावधान में त्रिदिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि संजारी बालोद के पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा थे। अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने किया।

विशेष अतिथि पूर्व जिला पंचायत सभापति केदारनाथ देवांगन, अरमरीकला सनौद मंडल अध्यक्ष सरपंच डंडेसरा टोमन साहू, महामंत्री ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी गुरूर सादिक अली, कोषाध्यक्ष ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी गुरूर तीर्थशंकर साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बोहारा रेणुका लखन देवदास, ग्रामीण अध्यक्ष बोहारा ओमेश्वर साहू, ग्राम पटेल बोहारा मिलन राम साहू, वरिष्ठ नागरिक बोहारा जोहन राम साहू, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बोहारा रेणुका कुंजेश साहू मंचासीन थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने भगवान श्री रामचंद्र जी की पूजा अर्चना की। पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा ने कहा श्री रामचन्द्र जी की तरह आज्ञाकारी रहकर माता पिता की सेवा करना, मर्यादा में रहकर आचरण करने और उनके जीवन चरित्र को अपने असल जिंदगी में उतारने और व्यवहार में लाने के लिए प्रेरित किया। तामेश्वर साहू, केदारनाथ देवांगन, टोमन साहू, सादिक अली, तीर्थशंकर साहू, ने भी भगवान श्री रामचन्द्र जी के तरह माता पिता की सेवा करने और मर्यादा में रह कर आचरण करने की ग्रामीण श्रोताओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में चितेश सोनवानी, बाबुलाल साहू राजू साहू एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि से जनता में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



क्षेत्र में बिजली के बिलों में अचानक हुई बढ़ोतरी ने आम उपभोक्ताओं को परेशान कर दिया है। पहले जहां मासिक बिल 60 से 70 तक आता था, वहीं अब यह बढ़कर 200 से 300 हो गया है।

इसी तरह, जिन उपभोक्ताओं का बिल पहले लगभग 1000 था, अब वह दोगुना से भी ज़्यादा हो गया है। इस अप्रत्याशित वृद्धि से आम जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ गया है, जिससे क्षेत्र में भारी नाराज़गी देखने को मिल रही है। भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद लोगों को बिजली बिलों में राहत की उम्मीद थी, लेकिन बिलों में छूट खत्म होने और दरें बढ़ने से लोग निराश हैं। उनका कहना है कि सरकार ने राहत देने के बजाय उनकी समस्या को और बढ़ा दिया है। विशेषकर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार, जिनकी आय पहले से ही सीमित है, वे इस बढ़ोतरी से सबसे ज़्यादा प्रभावित हुए हैं।

### किसानों और आम उपभोक्ताओं में असंतोष

यह सिर्फ़ एक आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि राजनीतिक असंतोष का कारण भी बन रहा है। इससे पहले किसानों में भी खाद की अनुपलब्धता को लेकर आक्रोश देखने को मिला था। अब बिजली बिलों की बढ़ोतरी ने आम जनता को भी विरोध की राह पर ला खड़ा किया है। किसानों का कहना है कि खेती पहले से ही महंगी हो चुकी है और अब बिजली बिल की यह मार उनके लिए एक और बड़ा बोझ है।

# शैलदेवी कॉलेज में मना विश्व ओजोन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा



शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग में 16 सितंबर को विज्ञान संकाय और इको क्लब द्वारा विश्व ओजोन दिवस पर ओजोन परत संरक्षण हेतु पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन के साथ व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम फ्रॉम साइंस टू ग्लोबल एक्शन था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संचालक राजन कुमार दुबे थे। अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को बताया कि हमें जरूरत के समय ही एसी और रेफ्रिजरेटर का उपयोग करना चाहिए, जिससे कि ओजोन परत को नुकसान न पहुंचे और पर्यावरण पर इसका दुष्प्रभाव न पड़े। इस अवसर पर संयुक्त संचालक डॉ. रजनी राय और प्राचार्य डॉ. केएन मिश्रा उपस्थित रहे। सुश्री अदिति बंजारे सहायक प्राध्यापक, विज्ञान संकाय द्वारा ओजोन क्षरण, मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल, ओजोन परत एवं पर्यावरण और जीव जंतुओं पर होने वाले प्रभावों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के दौरान पोस्टर और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में लगभग 300 विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा पोस्टर मेकिंग में प्रथम पुरस्कार चंचल चंद्राकर एमएससी रसायन शास्त्र तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय पुरस्कार तनु चंद्राकर एमएससी रसायनशास्त्र प्रथम सेमेस्टर, तृतीय पुरस्कार स्मिता साहू बी कॉम. तृतीय सेमेस्टर और उमेश्वरी बीएससी प्रथम सेमेस्टर को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। स्लोगन लेखन में विशेष राजपूत बीएससी बीएड द्वितीय वर्ष को प्रथम पुरस्कार, रुचि बीएससी बीएड चतुर्थ वर्ष को द्वितीय पुरस्कार और अंजली चंद्राकर एमएससी प्रथम सेमेस्टर को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना देवांगन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान संकाय के श्री थानेश्वर टंडन सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया।

## सेवा सहकारी समिति की आमसभा कल

**बालोद/कलंगपुर।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित कलंगपुर पंजीयन क्रमांक 481 की वार्षिक आमसभा की बैठक 18 सितम्बर गुरुवार को दोपहर 12 बजे से समिति परिसर मे आयोजित की गई है। समिति प्रबंधक ने सोसायटी के अंतर्गत आने वाले सभी गांव के कृषकों को समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। वार्षिक आमसभा मे समिति प्रबंधक द्वारा संस्था के प्रगति प्रतिवेदन का प्रस्तुतिकरण व पठन, वर्ष 2024–25 का वित्तीय पत्र आय व्यय लाभ हानि का अवलोकन। वर्ष 2025–26 का अनुमानित वार्षिक बजट निर्धारण एवं कार्ययोजना का अनुमोदन होंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, देमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# विनायकपुर में 31 बालिकाओं को बांटी गई निःशुल्क साइकिल



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में शासन की सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा नवमीं में अध्ययनरत 31 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत, साइकिल प्रभारी रोहित कुमार देशमुख, भातेंद्र गंगाराले, सरस्वती उमरे, देवश्री साहू, शैलेन्द्र साहू, उषा ठाकुर, पूर्णिमा कोशले, मालती साहू, ममता तिवारी, लीना जोशी, मीनाक्षी नेताम, प्रेमलता योगी, गुलशन चंद्राकर, टिकेंद्र कुमार चंद्राकर (प्रधान पाठक प्राथमिक शाला) नरेश गायकवाड एवं ग्राम सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार शाला समिति अध्यक्ष मोतीलाल मारकंडे, लक्ष्मी साहू, ललित बाई साहू, जगन्नाथ देवांगन यशवंत साहू, चंद्रकिरण देवांगन साथ में छात्र के पालकगण मानसिंग पटेल,मेघनाथ यादव, संतोष पटेल,प्रमोद निषाद आदि उपस्थित थे। प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत एवं सदस्यों ने साइकिल प्रदान करते हुए निरन्तर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया और साथ आगामी त्रैमासिक परीक्षा मे अच्छे से पेपर दिलाने और सफल होने की भी शुभकामनाएं प्रदान की गई।

